**इंडिया फाउंडेशन फॉर द आर्ट्स (आयएफए)**
**उन की आर्ट्स प्रोग्रॅम की अधीन**
**निर्मिती (*Productions*)**
**परियोजना के लिए आवेदन मंगा रही है**

**आवेदन भेजने की अंतिम तिथि: Friday, June 09, 2023**

**आर्ट्स प्रॅक्टिस** योजना के अंतर्गत ऐसी परियोजनाएं बनाई गई है की जिस की तहत, कलाकार उन की कलानिर्मिती नई दिशा में ले जा सकेंगे। प्रायोगिकता का मूलतत्व कायम रख के, यहाँ प्रस्थापित परंपराओं को चुनौती दी जा सकती है। विषयों की, प्रारूपों की और माध्यमों की कक्षाओं को फैलाया जा सकता है। अवकाश, दर्शक और समाज को बांधें रखने के नए रास्तें ढूंढें जा सकते है।

**निर्मिती:**
कलाकार उन की कलायात्रा में एक ऐसे मकाम पे आके पहुँचते है जहाँ वो कुछ हट के संकल्पनाओं पर काम करना चाहते है / उन की कलानिर्मिती में कुछ अलग सोच लाना चाहते है या कलानिर्मिती और कलासादरीकरण इन में कुछ नया करना चाहते है। ऐसी विचारधारा ऐसी निर्मिती में परावर्तित होती है जिस में उत्सुकता और प्रायोगिकता का संगम होता है।

ऐसी हट के संकल्पनाओं से होनेवाली निर्मिती के लिए, आर्ट्स प्रॅक्टिस कार्यक्रम के अंतर्गत की **निर्मिती** परियोजना के लिए, हम आवेदन मंगा रहें हैं। ये निर्मिती, सादरीकरण, दृक्श्राव्य, डिजिटल, साहित्यविषयक या इनमें से किन्ही भी प्रकारों को एकत्रित कर के कलानिर्मिती करना ऐसे स्वरुप में हो सकती हैं। इस में नाट्यनिर्मिती, नृत्य और संगीत कार्यक्रम, स्थापत्य, प्रदर्शन, किताब, साप्ताहिक, मासिक और इतर प्रकाशन, चलचित्र सादरीकरण, खेल, संवादमाध्यम (interfaces) या डिजिटल और अन्य प्रकारों के तहत कलानिर्मिती करना हो सकता हैं।

**परियोजना का कालखंड:** १८ महीनोंतक

**अर्थसहाय्य (Budget):** ज्यादा से ज्यादा रुपये ५,००,०००/-

**आवेदन भेजने की अंतिम तिथि: Friday, June 09, 2023**

**आवेदन कौन भेज सकता है?**
इस परियोजना के अंतर्गत प्रस्ताव कोई भी क्षेत्र या एक से अधिक क्षेत्र में कार्यरत कलाकार भेज सकेंगे। इन में निम्नलिखित लोगोंका समावेश हो सकता हैं:

- संगीत, ध्वनी, लेखन, नृत्य, आंदोलन, नाट्य, कठपुतलियों का खेल करनेवाले, कथाकार, जादूगर, सर्कस और अन्य कलाक्षेत्रों के कलाकार
- चलचित्र (वृत्तचित्र और कथापर आधारित), ॲनिमेशन, छायाचित्रकार, प्रदर्शनकार, नवमाध्यम में काम करनेवाले, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence), यांत्रिकनिर्मिती (robotics), संवादात्मक कलाप्रकार, खेल, चित्रकला, शिल्पकला, printmaking, कॉमिक्स और अन्य दृश्यकला क्षेत्र के कलाकार।
- संग्राहक (Curators), खास तौर पर जो संग्रहालय छोड़ के अन्यत्र कार्यरत होनेवाले।
- साहित्य से जुड़े हुए कवि, उपन्यासकार, नाटककार
- अलगअलग कलाक्षेत्रों में एक साथ काम करनेवाले कलाकार

**प्रस्ताव भेजने का तरीका**

- प्रस्ताव में निम्नलिखित मुद्दों का समावेश होना चाहिए:
    - आप का अभी का कलाक्षेत्र, उस में कलाकार की तौर पे आप को आनेवाली समस्याएं और आप को उस में होनेवाली रूचि।
    - आप की कल्पना की निर्मिती का विवरण और उस के कारन।
    - आप की कल्पना की निर्मिती की समय सारिणी cऔर खर्चें का विवरण।
    - आप के भूतपूर्व कार्य का विवरण।
    - आप का पता, ईमेल और फोन नंबर के साथ बायोडाटा

**चयन प्रक्रिया**:

कुछ चुने हुएं प्रस्ताव एक बाहरी समितीद्वारा जांचें जाएंगे और आवेदकों को अपनी संकल्पनाओं का सादरीकरण इस समिती के सामने करना पडेगा। चयनित प्रस्तावों की सूचि September 2023 में घोषित होगी। इस मामले में आयएफए का फैसला अंतिम रहेगा।

**प्रस्ताव यहाँ पे भेजिए:**

आप के अंतिम प्रस्ताव यहाँ भेजे जा सकते है:

- आप अपना प्रस्ताव किसी भी भारतीय भाषा में या अंग्रेजी में लिख सकते हैं। आयएफए अंग्रेजी के सिवा अन्य भाषाओं में लिखे गए प्रस्तावों को हमेशा प्रोत्साहित करती हैं।
- • आप को अगर अपने प्रकल्प के संदर्भ में कुछ पूछना हो या कुछ चर्चा करनी हो तो May 19, 2023 के पहले, sumana@indiaifa.org यहां संपर्क कीजिए।
- • आप अपना अंतिम प्रस्ताव, संलग्न कागदपत्रों के साथ, २५ MB तक अकार के एक ही ईमेलसे, Friday, June 09, 2023 के पहले, sumana@indiaifa.org यहां भेजिए।
- • ईमेल का विषय: Project Proposal for Productions (Arts Practice) ये होगा।
- कृपया ध्यान में रखिएं की अपात्र अर्जदारों के प्रस्ताव और अपूर्ण प्रस्ताव स्वीकृत नहीं किए जाएंगे।

सभी चयनित प्रकल्प आयएफएद्वारे चलाए जाएंगे।

***ये आर्ट्स प्रॅक्टिस कार्यक्रम सोनी पिक्चर्स एंटरटेनमेंट फंड की सहाय्यता से चलाया जा रहा है।***

## पात्रता के मानदंड

इंडिया फाउंडेशन फॉर द आर्ट्स (आईएफए) अपने विभिन्न कार्यक्रमों के तहत परियोजनाओं को कार्यान्वित करता है। इन कार्यक्रमों के तहत आवेदन करने की पात्रता के मानदंड इस प्रकार हैं:

- केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन कर सकते हैं। इनमें पीआईओ (भारतीय मूल के व्यक्ति) और ओसीआई (भारत के प्रवासी नागरिक) कार्ड धारक शामिल नहीं हैं।
- पहचान और नागरिकता के प्रमाण के लिए आवेदकों के पास पैन कार्ड और निम्नलिखित में से एक प्रमाण अवश्य अवश्य होना चाहिए - भारतीय पासपोर्ट या आधार कार्ड या भारत में मतदाता पहचान पत्र।
- केवल व्यक्ति ही आवेदन कर सकते हैं। किसी भी प्रकार के संगठन आवेदन नहीं कर सकते हैं।
- यदि वे परियोजनाओं में सहयोगी हैं, तो वे भारतीय नागरिक भी होने चाहिए।
- ऐसे व्यक्ति पात्र नहीं है जिनका इंडिया फाउंडेशन फॉर द आर्ट्स (आईएफए) से वित्तीय अपराध करने का पिछला इतिहास रहा है।
- ऐसे व्यक्ति पात्र नहीं है जो इंडिया फाउंडेशन फॉर द आर्ट्स (आईएफए) में पहले कभी प्राप्त किए गए आईएफए अनुदान की शर्तों के अनुसार देने योग्य मद प्रस्तुत करने में विफल रहे हों।
- ऐसे व्यक्ति पात्र नहीं है जिन्हें पहले कभी आईएफए से किसी भी कारण से भविष्य में आवेदन करने की अनुमति नहीं होने की सूचना देने वाला पत्र प्राप्त हुआ हो।
- यदि उनका संयुक्त खाता है तो एक से अधिक व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं। यदि उनका संयुक्त खाता नहीं है तो अन्य को सहयोगी के रूप में शामिल करते हुए उनमें से केवल एक को ही आवेदन करना चाहिए।